(ज) "नियोजक" का आशय ऐसे व्यक्ति, प्राधिकारी, प्रबंधन से है जो घरेलू कर्मचारी को घर के भीतर अंशकालिक या पूर्णकालिक आधार पर सीधे या किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी के माध्यम से काम पर रखता है और जिसका घर के मामलों पर पूर्ण नियंत्रण हो और इसमें ऐसा कोई अन्य व्यक्ति शामिल है जिसे ऐसे परिवार से संबंधित मामले सौंपे जाते हों तथा संविदा श्रमिक के संबंध में प्रमुख नियोजक भी इसकी परिधि में शामिल है।

(झ) **"अधिसूचना"** का आशय सरकारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना से है।

(ट) **"सेवा प्रदाता"** का आशय सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किसी भी स्वैच्छिक एसोसिएशन या कंपनी अधिनियम, 1956 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अंतर्गत पंजीकृत किसी कंपनी से है जो घरेलू कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करता है और/ या घरेलू कर्मचारियों की सेवाएं प्रदान करता है या घरेलू कर्मचारियों को रोजगार पर लगाता है और इसमें ऐसा कोई भी व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों का एसोसिएशन या स्थापन एजेंसी शामिल है जो पंजीकृत हो अथवा नहीं हो किंतु जिसके माध्यम से ऐसी कोई कर्मचारी मुख्य नियोजक के साथ घरेलू कार्य में लगाई गई हो।

व्याख्याः "स्थापन एजेंसी" का आशय ऐसी किसी भी एजेंसी/ब्यूरो/व्यक्तियों का संविदाकार या एसोसिएशन या संगठन से है जो पंजीकृत हो या नहीं हो किंतु घरेलू कर्मचारियों की सेवाएं प्रदान करता हो या घरेलू कर्मचारियों को रोजगार पर लगाता हो और जो भावी नियोजकों के लिए घरेलू कर्मचारियों के स्थापन में सहायता करता हो और इसमें ऐसी एजेंसी या व्यक्ति शामिल हैं जो किसी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या समाचार के किसी अन्य साधन के जरिए ऐसी सेवाओं की पेशकश करता हो।

(ठ) **"राज्य बोर्ड"** का आशय घरेलू कर्मचारियों के लिए अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत गठित राज्य परामर्शदात्री समिति से है।

(ड) **"कार्यस्थल"** का आशय ऐसे किसी घर से है जहां घरेलू कर्मचारी कार्य करती हो।

व्याख्याः घर का आशय ऐसे किसी भी आवासीय स्थान से है जहां घरेलू कर्मचारी कार्य करती हो।

(च) "मजदूरी" का आशय ऐसे सभी पारिश्रमिकों से है जिनका धन के रूप में उल्लेख किया गया हो या जिनका रोजगार की संविदा में उल्लिखित या निहित शर्तों के अनुपालन पर घरेलू कर्मचारी को उसके कार्य के एवज में भुगतान किया जाए किंतु इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं हैः

(i) निवास हेतु उपलब्ध कराया गया आवासीय स्थान, बिजली, पानी, चिकित्सीय सुविधा या सरकार द्वारा जारी किए गए किसी भी सामान्य या विशेष आदेश के अनुपालन में उपलब्ध कराई गई कोई सुविधा या मजदूरी का मूल्य।

(ii) नियोजक द्वारा किसी पेंशन निधि या भविष्य निधि या किसी अन्य स्कीम या सामाजिक बीमा के लिए भुगतान की गई कोई राशि और उस पर अर्जित ब्याज की राशि।

(iii) किसी यात्रा भत्ता या यात्रा रियायत का मूल्य।

(iv) घरेलू कर्मचारी को उसके रोजगार की प्रकृति के कारण उसके द्वारा किए जाने वाले विशेष व्यय को पूरा करने के लिए उसे प्रदत्त कोई राशि।

3. यह अधिनियम अन्य कानूनों या अधिनियमों पर न्यूनकारी प्रभाव आरोपित नहीं करता

इस अधिनियम के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य कानून के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे, और उन पर कोई भी न्यूनकारी प्रभाव आरोपित नहीं करेंगे।

अध्याय दो
अधिनियम के अंतर्गत क्रियान्वयन प्राधिकारी

4. केंद्रीय सलाहकार समिति

(1) केंद्र सरकार एक समिति का गठन करेगी जिसे **केंद्रीय सलाहकार समिति** कहा जाएगा (जिसे इसके पश्चात केंद्रीय समिति कहा गया है)।

(2) केंद्रीय समिति में निम्नलिखित सम्मिलित होंगेः

(क) अध्यक्ष, जिसकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी;

(ख) केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत संख्या में सदस्य जिनमें घरेलू कर्मचारियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध एसोसिएशन, यूनियन या व्यक्ति, श्रम मामलों से संबंधित समस्याओं, महिला एवं बाल विषयक समस्याओं, विधि और केंद्र सरकार की राय में ऐसा कोई भी मामला जिस संबंध में केंद्रीय बोर्ड में प्रतिनिधित्व किया जाना चाहिए, के क्षेत्र में अनुभवप्राप्त व्यक्ति शामिल होंगे।

परंतु यह भी कि समिति में अध्यक्ष को छोड़कर, कम से कम पांच सदस्य सम्मिलित होंगे।

(1) उप–धारा (2) में विनिर्दिष्ट श्रेणियों से सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, समिति में पदाधिकारियों का कार्यकाल और सेवा की अन्य शर्तें, उनके द्वारा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रयोग में लाई गई कार्यविधि और रिक्तियों को भरने के तरीके निर्धारित किए गए अनुसार होंगे।

5. केंद्रीय समिति के कार्य

केंद्रीय समिति निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन करेगीः

(क) अधिनियम और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के क्रियान्वयन की समीक्षा और उसका मानीटरन करना तथा उक्त अधिनियम और नियमों में किन्हीं परिवर्तनों के संबंध में केंद्र सरकार को सिफारिश करना;

(ख) राज्यों में इस अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा और मॉनीटरन;

(ग) राज्य बोर्डों को घरेलू कर्मचारियों के लाभ और कल्याण हेतु स्कीमों जैसेकि सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा और अन्य लाभकारी स्कीमों के संबंध में सलाह देना;

(घ) घरेलू कर्मचारियों और नियोजकों के किसी विशिष्ट वर्ग को इस अधिनियम को लागू किए जाने के कारण उत्पन्न मामलों या इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित किसी स्कीम या इस अधिनियम के उपबंधों को लागू किए जाने के संबंध में सलाह देना और विभिन्न बोर्डों के कार्य का समन्वयन और मानीटरन;

(ड.) राज्य बोर्डों से परामर्श करके कार्य की समुचित दशाओं को प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मानकों को निर्धारित करना;

(च) किसी भी प्रकार के दुर्व्यापार/बेगारी/बंधुआ श्रम और 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के मामले में बाल श्रम के निराकरण हेतु उचित कार्यनीतियों के संबंध में सिफारिश करना;

(छ) केंद्र सरकार द्वारा यथानिर्धारित अन्य कोई भी मामला।

6. राज्य सलाहकार समिति

(1) राज्य सरकार घरेलू कर्मचारियों और नियोजकों को इस अधिनियम को लागू किए जाने के कारण उत्पन्न मामलों या इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित किसी स्कीम या इस अधिनियम के उपबंधों को लागू किए जाने के संबंध में सलाह देने के लिए या विभिन्न बोर्डों के कार्यों के बीच समन्वय स्थापित करने और राज्य सरकार द्वारा सलाह हेतु संदर्भित मामलों पर सलाह देने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन करेगी।

(2) सलाहकार समिति के सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा और इनकी संख्या उतनी होगी और इनका चयन उस प्रकार से किया जाएगा जैसाकि विहित किया जाए:

यह भी कि, इस सलाहकार समिति में नियोजकों, घरेलू कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या समान होगी तथा राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या इसके सदस्यों की कुल संख्या की एक–तिहाई से अधिक नहीं होगी।

(3) सलाहकार समिति का अध्यक्ष राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला एक सदस्य होगा जिसे इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

(4) राज्य सरकार सरकारी राजपत्र में इस सलाहकार समिति के सभी सदस्यों के नाम प्रकाशित करेगी।

(5) सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन और उन बैठकों में अपनाई जाने वाली क्रियाविधि विनियम द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार होगी।

(6) सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल निर्धारित किए गए अनुसार होगा।

(7) सलाहकार समिति के सदस्य (जो राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य न हो) समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए निर्धारित की गई दरों पर यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के पात्र होंगे।

7. राज्य सलाहकार समिति के कार्य

राज्य बोर्ड निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन करेंगे:

(क) बोर्ड/राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, सभी या इस अधिनियम के अंतर्गत उल्लिखित किसी भी मामले के लिए, और सामान्यतः ऐसे सभी मामलों के लिए जिसके लिए उपबंध दिए गए हैं, विनियम बनाकर जो इस अधिनियम और इसके अंतर्गत निर्मित किए गए नियमों से संगत विनियम होंगे, जिन्हें बोर्ड की राय में इस अधिनियम के अंतर्गत अपनी शक्तियों के प्रयोग में और अपने कार्यों के निर्वहन में आवश्यक समझा जाए।

(ख) राज्य के लिए गठित किए गए जिला बोर्ड के कार्यों की समीक्षा और निगरानी करना तथा इसके उचित और प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त कदम उठाना।

(ग) जिला बोर्ड को निधियां आबंटित करना तथा घरेलू कर्मचारी कल्याण निधि का संचालन करना और जिला बोर्डों को आवश्यक समझे जाने वाली राशि का आबंटन करना।

(घ) नियोजकों, सेवा प्रदाताओं/स्थापन एजेंसियों तथा घरेलू कर्मचारियों से लिए जाने वाले शुल्क को समय–समय पर निर्धारित करना।

(ड.) इस निधि के लाभभोगियों के लिए निधि के अंतर्गत लाभभोगियों के रूप में पंजीकरण हेतु शुल्क और प्रति माह दर को निर्धारित करना।

(च) केंद्र सरकार के परामर्श से तैयार की गई स्कीमों और कल्याणकारी उपायों को क्रियान्वित करना।

(छ) निधि के अंतर्गत घरेलू कर्मचारियों के पंजीकरण हेतु रखे जाने वाले रजिस्टर की किस्म निर्धारित करना।

(ज) पंजीकरण प्रमाण–पत्र के नवीकरण हेतु प्रक्रिया निर्धारित करना।

(झ) जिला बोर्ड द्वारा किसी भी निर्णय के संबंध में की गई अपीलों पर कार्रवाई करना।

(ञ) पारिश्रमिक की दरों, कार्य के घंटों और कार्य की दशाओं सहित सेवा की समुचित दशाएं सुनिश्चित करना।

(ट) यथानिर्धारित अन्य कोई भी कार्य।

8. जिला बोर्ड

(1) राज्य सरकार जिले में घरेलू कर्मचारियों के कल्याण हेतु स्कीमों को तैयार करने और उनके क्रियान्वयन के प्रयोजनार्थ, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, अधिसूचित संख्या में "जिला घरेलू श्रमिक कल्याण बोर्ड" नामक बोर्डों का गठन करेगी:

यह भी कि, राज्य सरकार ऐसे बोर्डों का गठन दो या दो से अधिक जिलों के लिए कर सकती है;

यह और भी कि, राज्य सरकार इसी प्रकार की अधिसूचना द्वारा किसी जिले के लिए एक से अधिक बोर्ड का गठन भी कर सकती है और उन बोर्डों के क्षेत्राधिकार के संबंध में स्थानीय सीमाएं विनिर्दिष्ट कर सकती है या श्रम संबंधी मामलों से संबंधित किसी अन्य कानून के अंतर्गत पहले से मौजूद किसी बोर्ड को प्राधिकृत कर सकती है।

(2) इस बोर्ड में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर मनोनीत किए गए सदस्य सम्मिलित होंगे जो नियोजकों, घरेलू कर्मचारियों और राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

(3) नियोजकों और घरेलू कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या समान होगी और राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या नियोजकों और घरेलू कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की कुल संख्या की एक–तिहाई से अधिक नहीं होगी।

(4) बोर्ड का अध्यक्ष राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया एक सदस्य होगा जिसे इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

(5) अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को मनोनीत कर देने के पश्चात राज्य सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस बोर्ड के सभी सदस्यों के नामों का प्रकाशन करेगी।

(6) बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल निर्धारित किए गए अनुसार होगा।

(7) बोर्ड के सदस्य (जो राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य न हो) बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए बोर्ड की निधि से निर्धारित की गई दरों पर यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के पात्र होंगे।

(8) बोर्ड की बैठकों का आयोजन और उन बैठकों में अपनाई जाने वाली क्रियाविधि उसके पूरक या प्रासंगिक सभी मामलों के लिए विनियम द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार होगी।

9. सदस्य को अयोग्य ठहराना और उसे हटाना

(1) किसी भी ऐसे व्यक्ति का बोर्ड के सदस्य के रूप में चयन नहीं किया जाएगा या उसे इस पद पर बने रहने नहीं दिया जाएगा जो–

(क) बोर्ड का एक वेतनभोगी अधिकारी हो;

(ख) वर्तमान में या पहले किसी समय दिवालिया घोषित किया गया हो;

(ग) विक्षिप्त हो या अस्वस्थ मानसिक स्थिति का हो; या

(घ) ऐसा अपराध जिसमें नैतिक अधमता अंतर्निहित हो, के लिए दोषसिद्ध हो या पहले कभी दोषसिद्ध किया गया हो।

(2) राज्य सरकार किसी भी ऐसे सदस्य को उसके पद से हटा सकती है जो–

(क) उप–धारा (1) में उल्लिखित किसी भी कारण से अयोग्य हो या उल्लिखित किसी भी अयोग्यता उस पर लागू होती हो; या

(ख) बोर्ड की तीन से अधिक क्रमागत बैठकों में बोर्ड से अनुमति प्राप्त किए बिना अनुपस्थित हो;

(ग) सरकार की राय में, सदस्य के पद का इतना दुरुपयोग किया हो कि उस व्यक्ति को पद पर बने रहने देना जनहित में हानिकारक हो या ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने देना अनुपयुक्त हो;

यह भी कि, किसी भी व्यक्ति को खंड (ग) के अंतर्गत उसके पद से हटाया नहीं जा सकता यदि उस व्यक्ति को उसे उसके पद से हटाने के संबंध में कारण बताने के लिए एक उपयुक्त अवसर प्रदान न किया गया हो।

(3) इस अधिनियम के किसी भी उपबंध में निहित किसी भी बात के बावजूद सदस्य राज्य सरकार के पर्सादपर्यंत अपने पद पर बने रहेंगे और यदि राज्य सरकार की राय मेंः–

(क) नियोजकों और घरेलू कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य नियोजकों या, जैसी भी स्थिति हो, घरेलू कर्मचारियों का पर्याप्त रूप में प्रतिनिधित्व करना बंद कर देते हों, या

(ख) राज्य सरकार में परिस्थितियों या सेवाओं की अपरिहार्यता के दृष्टिगत, राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करना जारी नहीं रख सकता,

तो यह, एक आदेश जारी करके, उनमें से सभी को या किसी भी एक को किसी भी समय उनके पद से हटा सकती है।

10. सदस्य द्वारा अपने पद से त्यागपत्र देनाः

बोर्ड का कोई भी सदस्य राज्य सरकार को संबोधित अपने हस्तलिखित पत्र द्वारा किसी भी समय अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है और राज्य सरकार द्वारा उसके त्यागपत्र को स्वीकार कर लेने पर बोर्ड में उस सदस्य का पद रिक्त हो जाएगा।

11. सही और वैध समझी जाने वाली कार्यवाहीः

बोर्ड की किसी भी कार्रवाई या कार्यवाही पर केवल इस आधार पर कि उसमें किसी सदस्य का पद रिक्त है या बोर्ड के गठन में कोई त्रुटि है, कोई प्रश्न नहीं उठाया जा सकता या उसे अवैध घोषित नहीं किया जा सकता।

12. बोर्ड के सचिव और अन्य अधिकारीः

(1) बोर्ड इस अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकार के अनुमोदन से एक सचिव और उन अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा जिन्हें इसके द्वारा अपने कार्यों के प्रभावी रूप में निर्वहन हेतु आवश्यक समझा जाए।

(2) बोर्ड का सचिव इसका मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा।

(3) बोर्ड के सचिव और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य, उनका कार्यकाल और नियुक्ति संबंधी शर्तें तथा उन्हें देय वेतन और भत्ते समय–समय पर विनियमों द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार होंगे।

13. बोर्ड के कार्यः

जिला बोर्ड निम्नलिखित कार्य करेगाः

(क) बोर्ड या तो सीधे या कर्मचारी सुविधा केंद्र (डब्ल्यूएफसी) के माध्यम से इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार घरेलू कर्मचारियों और नियोजकों तथा सेवा प्रदाताओं का पंजीकरण करेगा या उसके हेतु

निमित्त बनेगा तथा अधिनियम के अंतर्गत लाभभोगी के रूप में परिभाषित घरेलू कर्मचारियों के पंजीकरण का अधिकार रखेगा;

(ख) लाभभोगियों को निम्नलिखित लाभ मंजूर करना, जिसके वे अधिनियम के अंतर्गत पात्र हैं:

(i) किसी भी लाभभोगी को दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करना;

(ii) लाभभोगी के बच्चों की शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना;

(iii) लाभभोगी या उसके किसी आश्रित की रोगग्रस्तता की स्थिति में उपचार हेतु चिकित्सीय व्यय का प्रावधान करना;

(iv) महिला लाभभोगियों के लिए मातृत्व लाभों का प्रावधान करना:

परंतु, उसे प्रदान किए जाने वाले मातृत्व लाभ उसकी केवल दो संतानों तक ही प्रतिबंधित होंगे;

(v) लाभभोगी की मृत्यु की स्थिति में उसके कानूनी उत्तराधिकारी को उसके दाह संस्कार पर होने वाले व्यय का भुगतान करना;

(vi) विवादों का बातचीत के जरिए समाधान के प्रयास करना;

(vii) पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण करना;

(viii) लाभभोगियों को पहचानपत्र जारी करना;

(ix) कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा स्कीमों के संबंध में जानकारी का प्रचार–प्रसार करना;

(x) अधिनियम के अंतर्गत जारी किए गए अधिदेश के अनुसार कर्मचारी सुविधा केंद्र (डब्ल्यूएफसी) को कर्मचारियों और अन्यों से अंशदान प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत बिचौलिए के रूप में कार्य करने के लिए और प्राप्त राशि को जिला बोर्ड में जमा कराने के लिए प्राधिकार प्रदान करना;

(xi) घरेलू कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना और उन्हें कार्यकुशल बनाना;

(xii) राज्य बोर्डों के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा निर्मित की गई किसी भी स्कीम या कल्याणकारी उपायों को लागू करना;

(xiii) बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथानिर्मित सभी लाभों का निष्पादन करना।

(ग) जिला बोर्ड राज्य बोर्ड से परामर्श करके अन्य कानूनों जैसेकि असंगठित क्षेत्र अधिनियम, 2009 के अंतर्गत यथाप्रयोज्य स्कीमें लागू करेगा;

(घ) कर्मचारियों का पंजीकरण सुकर बनाने के प्रयोजनार्थ ऐसे क्षेत्रों में, जहां आवश्यक समझा जाए, कर्मचारी सुविधा केंद्र (डब्ल्यूएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए निम्नलिखित में से किसी एक को या एक से अधिक को नामोद्दिष्ट करना:

(i) स्थानीय पंचायती राज संस्था या शहरी स्थानीय निकाय

(ii) निवासी कल्याण एसोसिएशन/सोसाइटी

(iii) घरेलू कर्मचारियों द्वारा गठित उनके कल्याणार्थ काम करने वाले ऐसे संगठन जिनका उद्देश्य लाभ अर्जित करना न हो

यह और भी कि, कर्मचारी सुविधा केंद्र (डब्ल्यूएफसी) जिला बोर्ड के पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेंगे।

(ड.) बोर्ड ऐसे रजिस्टरों और रिकार्डों का रखरखाव करेगा जिनमें नियोजित घरेलू कर्मचारियों, घरेलू कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों और ऐसे विवरणों का उल्लेख होगा जिनका समय–समय पर उल्लेख किया जाए;

(च) बोर्ड केंद्र सरकार या राज्य सरकार के पूर्व–अनुमोदन से किसी भी अन्य कानून के अंतर्गत किसी भी कल्याण स्कीम को क्रियान्वित कर सकता है।

14. जिला बोर्ड की शक्तियां:

(1) राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में निर्मित किसी भी नियम/नियमों के अध्यधीन बोर्ड, स्थानीय सीमाओं के भीतर–

(क) यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या किसी स्थान या परिसर में इस अधिनियम के उपबंधों का पालन किया जाता रहा है या किया जा रहा है, आवश्यक समझे जाने वाली जांच या पूछताछ करना;

(ख) कोई दस्तावेज़, रिकार्ड या साक्ष्य (लिखित या मौखिक) प्रस्तुत करने के लिए कहना;

(ग) यदि इस संबंध में संदेह करने का उपयुक्त आधार हो कि किसी स्थान या परिसर में किसी घरेलू कर्मचारी का किसी भी प्रकार का यौन शोषण किया गया हो या किया जा रहा हो अथवा उसे गलत रूप से निरुद्ध करके रखा गया हो या घरेलू कर्मचारी के रूप में किसी बाल श्रमिक (बालिका) को नियुक्त किया गया हो, तो संबंधित कर्मचारी का उद्धार करने के लिए संबंधित स्थान या परिसर में किसी भी समय आवश्यक समझे जाने वाली सहायता के साथ प्रवेश करना।

(2) प्रत्येक नियोजक द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत बोर्ड को उसके कर्त्तव्यों के निर्वहन में उपयुक्त सुवधिाएं उपलब्ध कराई जाएंगी;

(3) प्रत्येक जिला बोर्ड किसी ऐसे विवाद का अधिनिर्णय करते समय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अंतर्गत सिविल न्यायालयों में निहित समान शक्तियों का उपभोग करेगा, जो निम्नलिखित मामलों से संबंधित हों, अर्थातः–

(क) किसी व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए बाध्य करने और उसे शपथ दिलाकर उसकी जांच करने;

(ख) दस्तावेज़ों और साक्ष्यों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करने;

(ग) साक्ष्यों की जांच करने के लिए प्रवर्तन आदेश जारी करने;

(घ) यथानिर्धारित किसी भी अन्य मामले के संबंध में कार्रवाई करने।

अध्याय तीन
पंजीकरण प्रक्रिया

15. पंजीकरण

(क) तत्सयम प्रवृत्त किसी भी कानून में निहित किसी भी बात के होते हुए भी, सभी घरेलू कर्मचारियों, नियोजकों या सेवा प्रदाताओं का यहां नीचे उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण किया जाएगाः

(ख) प्रत्येक नियोजक/सेवा प्रदाता और घरेलू कर्मचारी, जो भी लागू हो, द्वारा घरेलू कार्य हेतु घरेलू कर्मचारियों का रोज़गार आरंभ होने के एक माह के भीतर, जिला बोर्ड या जिला बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति को निर्धारित किए गए अनुसार ब्योरे उपलब्ध कराते हुए निर्धारित पंजीकरण शुल्क सहित आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

परंतु बोर्ड या उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा कोई व्यक्ति इस संबंध में निर्धारित की गई अवधि की समाप्ति के पश्चात पंजीकरण हेतु किए गए आवेदन पर विचार कर सकता है, यदि उसे यह समाधान हो जाए कि आवेदक द्वारा समय से आवेदन न कर पाने के संबंध में उपयुक्त कारण हैं।

(ग) यदि घरेलू कर्मचारी दो या दो से अधिक घरों में अंशकालिक आधार पर कार्य करती हो और उसे किसी स्थापन एजेंसी द्वारा रोजगार में नहीं लगाया गया है तो उस घरेलू कर्मचारी का यह कर्त्तव्य होगा कि वह जिला बोर्ड में अपना पंजीकरण कराए। यह और भी कि यदि ऐसे कर्मचारी को किसी एजेंसी के माध्यम से काम पर लगाया गया हो और वह एक से अधिक घरों में कार्य करती हो तो ऐसे कर्मचारी का पंजीकरण कराना उस एजेंसी का कर्त्तव्य होगा।

(घ) यदि कोई घरेलू कर्मचारी किसी जिले में अपना काम छोड़कर, भारत की प्रादेशिक सीमा के भीतर किसी भी भाग में किसी अन्य क्षेत्र में चली जाती है और वहां किसी घर में घरेलू कर्मचारी के रूप में या तो स्वयं या किसी एजेंसी या किसी बिचौलिए के माध्यम से कार्य करने लगती है, तो ऐसे कर्मचारी या एजेंसी या बिचौलिए का यह कर्त्तव्य होगा कि वह उस बोर्ड को कर्मचारी के स्थानांतरण के बारे में सूचित करे जहां वह पहले से पंजीकृत थी और जिस स्थान पर उस कर्मचारी ने कार्य करना आरंभ किया है, वहां के बोर्ड में उसके पंजीकरण के संबंध में कार्रवाई करे।

(ड.) उपर्युक्त उपबंधों में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी घरेलू कर्मचारी को किसी बिचौलिए, किसी एजेंसी या सेवा प्रदाता के जरिए घर में काम पर लगाया गया हो, तो निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण कराने की जिम्मेदारी ऐसी एजेंसी या बिचौलिए या सेवा प्रदाता की होगी न कि उस मुख्य नियोजक की, जिसके घर में वह कर्मचारी कार्य करता है।

16. पंजीकरण शुल्क

(क) यदि नियोजक किसी घरेलू कर्मचारी को पूर्णकालिक आधार पर काम पर रखता है तो ऐसे नियोजक का यह कर्त्तव्य है कि वह इस बात पर विचार किए बिना कि घरेलू कर्मचारी उस रोजगार में कार्य करना जारी रखती है या नहीं अथवा दो से अधिक घरों में अंशकालिक आधार पर घरेलू कार्य का निष्पादन करती है, बोर्ड में उस

कर्मचारी का नाम निर्धारित शुल्क का भुगतान करके पंजीकृत कराए जो इस संबंध में वार्षिक अभिदान का एक हिस्सा होगा।

(ख) यदि घरेलू कर्मचारी को किसी एजेंसी या बिचौलिए या सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्य पर रखा जाता हो, तो ऐसी एजेंसी या बिचौलिए, जैसी स्थिति हो, का यह कर्त्तव्य होगा कि वह निर्धारित शुल्क सहित पंजीकरण हेतु इन ब्योरों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराए।

यह भी कि बोर्ड किसी सेवा प्रदाता द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर यदि उसके द्वारा आवश्यक समझा जाए तो इस संबंध में अकाट्य कारणों का उल्लेख करते हुए ऐसे किसी सेवा प्रदाता को शुल्क के भुगतान से छूट दे सकता है।

17. पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण

पंजीकरण प्रमाणपत्र का यथानिर्धारित शुल्क का भुगतान करके एक वर्ष के अंतराल पर नवीकरण किया जाएगा।

18. किसी अवयस्क (महिला) को रोजगार पर रखना

किसी भी अवयस्क (महिला) को तत्समय प्रवृत्त किसी भी कानून के अंतर्गत निषिद्ध ऐसे किसी भी प्रासंगिक या आनुषंगिक कार्य के लिए घरेलू कर्मचारी के रूप में नियोजित नहीं किया जाएगा।

अध्याय चार
निधि की स्थापना

19. घरेलू कर्मचारी कल्याण निधि

(1) घरेलू कर्मचारी कल्याण निधि नामक एक निधि स्थापित की जाएगी जिसमें निम्नलिखित राशियां जमा कराई जाएंगीः

(क) केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा निधि हेतु दिया गया कोई भी अनुदान;

(ख) लाभभोगियों से प्राप्त कोई राशि;

(ग) जिला बोर्ड को पंजीकरण शुल्क और अन्य शुल्कों के रूप में प्राप्त सभी राशि;

(घ) निधि में जमा राशि के निवेश से प्राप्त कोई भी आय;

(ड.) एकत्र की गई जुर्माने की राशियां;

(च) बोर्ड को किसी भी अन्य स्रोत से प्राप्त अन्य सभी राशियां;

(2) इस निधि का संचालन जिला बोर्ड द्वारा किया जाएगा और जिला बोर्ड द्वारा इस राशि का उपयोग घरेलू कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक या समीचीन समझे जाने वाले कार्यों और सुविधाओं पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए विशेषकर निम्नलिखित के लिए किया जाएगाः

(i) बोर्ड द्वारा निर्णय किए गए अनुसार घरेलू कर्मचारियों/लाभभोगियों के लाभ हेतु आवश्यक समझे जाने वाले कल्याणकारी उपायों या सुविधाओं पर होने वाले व्यय को पूरा करने;

(ii) घरेलू कर्मचारियों के कल्याण हेतु किसी सहायता या स्कीम जिसमें परिवार कल्याण, परिवार नियोजन, शिक्षा, बीमा और अन्य कल्याणकारी उपाय शामिल हैं, हेतु कोई धनराशि संस्वीकृत करना;

अध्याय पांच
घरेलू कर्मचारियों का लाभभोगी के रूप में पंजीकरण

20. निधि के लाभभोगी

(1) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन इस अधिनियम के अंतर्गत लाभभोगी के रूप में पंजीकृत प्रत्येक घरेलू कर्मचारी इस अधिनियम के अंतर्गत बोर्ड द्वारा इस निधि से प्रदान किए गए लाभों की पात्र होगी:

ऐसी प्रत्येक घरेलू कर्मचारी जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, किंतु 65 वर्ष की न हो और जो पूर्ववर्ती 12 महीनों के दौरान कम से कम नब्बे दिनों तक की अवधि के दौरान किसी घरेलू कार्य में नियुक्त हो, इस अधिनियम के अंतर्गत लाभभोगी के रूप में पंजीकरण की पात्र होगी;

(2) इस संबंध में बोर्ड में पंजीकरण हेतु आवेदन निर्धारित किए गए प्रपत्र के अनुसार किया जाएगा;

(3) उप–धारा (2) के अंतर्गत किए गए प्रत्येक आवेदन के साथ निर्धारित दस्तावेज़ और शुल्क जमा कराए जाएंगे;

(4) यदि उप–धारा (2) के अंतर्गत बोर्ड को इस बात का समाधान हो जाए कि आवेदक ने इस अधिनियम और इसके अंतर्गत निर्मित नियमों के उपबंधों का अनुपालन किया है तो वह उस घरेलू कर्मचारी के नाम का इस अधिनियम के अंतर्गत **घरेलू कर्मचारी** के रूप में पंजीकरण कर लेगा;

परंतु पंजीकरण हेतु किए गए किसी आवेदन को आवेदक को सुने जाने का अवसर प्रदान किए बिना और लिखित में कारण बताए बिना रद्द नहीं किया जाएगा।

(5) उप–धारा (4) के अंतर्गत निर्णय से व्यथित किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसे निर्णय की तारीख से 30 दिनों के भीतर, राज्य बोर्ड में अपील की जा सकती है और इस अपील पर राज्य बोर्ड का निर्णय अंतिम माना जाएगा;

यह भी कि इस संबंध में राज्य बोर्ड 30 दिनों की कथित अवधि की समाप्ति के बाद भी अपील पर कार्यवाही कर सकता है, यदि उसे इस बात का समाधान हो जाए कि घरेलू कर्मचारी के पास समय से अपील दायर न करने का पर्याप्त कारण है।

21. पहचान पत्र

(1) बोर्ड प्रत्येक लाभभोगी को एक पहचान पत्र जारी करेगा जिस पर उस लाभभोगी की फोटो लगी होगी और साथ ही उसे एक पासबुक भी देगा ताकि लाभभोगी किसी भी बैंक में अपना खाता खुलवा सके।

(2) इस अधिनियम के अंतर्गत जिस लाभभोगी को पहचान पत्र जारी किया गया है, वह किसी सरकारी अधिकारी या बोर्ड या किसी भी अन्य जांच प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करेगी।

22. पंजीकरण की समाप्ति

(1) इस अधिनियम के अंतर्गत लाभभोगी के रूप में पंजीकृत घरेलू कर्मचारी द्वारा 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर या एक वर्ष के दौरान कम से कम 90 दिनों से घरेलू कर्मचारी के रूप में कार्य न करने पर घरेलू कर्मचारी के रूप में उसका पंजीकरण समाप्त कर दिया जाएगा;

परंतु इस उप–धारा के अंतर्गत 90 दिन की अवधि का परिकलन करते समय किसी व्यक्तिगत क्षति अथवा दुर्घटना के कारण कार्य से अनुपस्थिति की अवधि शामिल नहीं की जाएगी।

(2) उप–धारा (1) में निहित किसी भी बात के होते हुए, यदि कोई महिला 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने से शीघ्र पहले निरंतर कम से कम 3 वर्षों तक लाभभोगी रही हो तो वह इस संबंध में निर्धारित किए गए अनुसार पेंशन सहित अन्य सभी लाभों को प्राप्त करने के लिए पात्र होगी।

23. घरेलू कर्मचारियों का रजिस्टर

जिला बोर्ड जिले में लाभभोगियों के रोजगार का ब्योरा दर्शाते हुए निर्धारित किए गए अनुसार रिकार्ड/रजिस्टर का रखरखाव करेगा।

24. घरेलू कर्मचारियों द्वारा अंशदान

(1) इस अधिनियम के अंतर्गत लाभभोगी के रूप में पंजीकृत घरेलू कर्मचारी 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक विनिर्दिष्ट/विनिर्धारित की गई दर पर प्रति माह निधि में अंशदान करेगी;

परंतु यदि बोर्ड को इस बात का समाधान हो जाए कि लाभभोगी किसी वित्तीय कठिनाई के कारण अपना अंशदान करने में असमर्थ है तो वह अंशदान की राशि माफ कर सकता है जो एक बार में तीन माह से अधिक की अवधि से संबंधित नहीं होगा;

(2) लाभभोगी अपनी मासिक मजदूरी से निधि में अंशदान की राशि की कटौती करने और उसे 15 दिनों के भीतर बोर्ड में जमा कराने के लिए अपने नियोजक को प्राधिकृत कर सकती है।

25. अंशदान की अदायगी न किए जाने का प्रभाव

यदि कोई लाभभोगी एक ऐसी अवधि तक जो एक वर्ष से कम न हो, धारा 20 की उप–धारा (1) के अंतर्गत अपने अंशदान की अदायगी नहीं करती हो तो वह लाभभोगी नहीं रहेगी;

परंतु यदि बोर्ड को इस बात का समाधान हो जाए कि अंशदान की अदायगी नहीं करने का कोई ठोस कारण था और यदि घरेलू कर्मचारी बकाया की राशि जमा कराने की इच्छुक हो तो वह घरेलू कर्मचारी को अंशदान की बकाया राशि जमा करने की अनुमति दे सकता है और इस राशि को जमा कर दिए जाने पर घरेलू कर्मचारी का पंजीकरण पुनः बहाल हो जाएगा।

अध्याय छह
कार्य की दशाओं का विनियमन

26. नियोजक और सेवा प्रदाता के कर्त्तव्य

(1) प्रत्येक नियोजक और सेवा प्रदाता सीधे या किसी एजेंसी के जरिए काम पर रखे गए घरेलू कर्मचारियों से संबंधित विवरण निर्धारित किए गए शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र में जिला बोर्ड और बोर्ड द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी व्यक्ति को उपलब्ध कराएगा;

(2) कोई भी सेवा प्रदाता या व्यक्ति/एजेंसी किसी भी नियोजक को घरेलू कर्मचारी उपलब्ध कराने का व्यवसाय नहीं करेगा यदि उक्त सेवा प्रदाता या एजेंसी या व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न हो;

(3) सेवा प्रदाता भारत के किसी भी भू–भाग से रोज़गार के प्रयोजनार्थ संपर्क करने वाले सभी घरेलू कर्मचारियों से संबंधित रिकार्ड रखेगा और निर्धारित किए गए प्रपत्र में इससे संबंधित ब्योरे उपलब्ध कराएगा;

(4) काम के घंटे – किसी भी कर्मचारी से किसी घर में एक दिन में नौ घंटों से अधिक या एक सप्ताह में 48 घंटों से अधिक समय तक कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी और न ही उसे इसकी अनुमति दी जाएगी;
कार्य के घंटों का निर्धारण कार्य की प्रकृति के अनुसार और अधिकतम आठ घंटे को सीमा मानकर पूर्णकालिक कर्मचारियों के मामले में विश्राम और भोजन के लिए पर्याप्त समय का प्रावधान करते हुए; बशर्ते कि कार्य का समय कार्यस्थल पर निवास करने वाले कर्मचारियों के मामले में 12 घंटे से अधिक न हो (कर्मचारी को कार्य की बीच 3–4 घंटे आराम के लिए मिल सकें) और इसी प्रकार पूर्णकालिक आधार पर कार्य करने वाले और कार्यस्थल से बाहर निवास करने वाले कर्मचारियों के मामले में काम की अवधि 8 घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए;

यह भी कि किसी वयस्क महिला कर्मचारी को ऐसे घर में इस धारा के अंतर्गत निर्धारित समय–सीमा से अधिक समय तक कार्य करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि उसे कार्य के घंटे सप्ताह में 48 घंटों से अधिक होने पर समयोपरि मजदूरी दी जाए और समयोपरि कार्य किसी भी दिन 10 घंटे से अधिक और किसी भी सप्ताह के दौरान कुल मिलाकर पचास घंटे से अधिक न हो;

(5) समयोपरि कार्य हेतु मजदूरी;

यदि किसी घर में काम पर रखी गई कर्मचारी से समयोपरि कार्य की अपेक्षा की जाती है तो उस समयोपरि कार्य के लिए वह मजदूरी की सामान्य दर से दुगुनी दर पर मजदूरी प्राप्त करने की पात्र होगी। समयोपरि दर का परिकलन जिस सप्ताह में समयोपरि कार्य किया गया है, उस सप्ताह से तत्काल पहले के सप्ताह के दौरान उस कर्मचारी द्वारा वास्तव में जिन कार्य दिवसों के दौरान कार्य किया गया है, उस दौरान अर्जित प्रति दिन की औसत आय की राशि के डेढ़ गुने के आधार पर किया जाएगा;

(6) कार्य के बीच विश्राम – किसी भी घर में कर्मचारियों के लिए कार्य की अवधि का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा कि कार्य की कोई भी अवधि एक बार में पांच घंटे से अधिक नहीं होगी और कोई भी कर्मचारी आधे घंटे तक विश्राम करने के पश्चात पांच घंटे से अधिक समय तक कार्य नहीं करेगी;

(7) साप्ताहिक अवकाश दिवस – प्रत्येक कर्मचारी चाहे वह पूर्णकालिक हो, अंशकालिक हो, कार्यस्थल पर निवास करती हो, रात्रि पाली के दौरान कार्य करती हो, सप्ताह में एक दिन अवकाश प्राप्त करने की पात्र होगी।

27. न्यूनतम मजदूरी –

(1) उपयुक्त सरकार अधिसूचना द्वारा –

(क) घरेलू कर्मचारियों को देय मजदूरी की न्यूनतम दरों को निर्धारित करेगी;

(ख) उपयुक्त समझी जाने वाली अवधियों पर, जो पांच वर्षों से अधिक के अंतराल पर न हो, मजदूरी की दरों की समीक्षा करेगी तथा मजदूरी की न्यूनतम दरों को तय करेगी और आवश्यक समझे जाने पर उसमें संशोधन करेगी;

(2) उपयुक्त सरकार निम्नलिखित का निर्धारण कर सकती है–

(क) समय कार्य हेतु मजदूरी की न्यूनतम दर (जिसे इसके पश्चात "न्यूनतम समय दर" कहा गया है);

(ख) उजरती कार्य के लिए मजदूरी की न्यूनतम दर (जिसे इसके पश्चात "न्यूनतम उजरती दर" कहा गया है);

(ग) उजरती कार्य में लगी कर्मचारियों के मामले में पारिश्रमिक की न्यूनतम दर ताकि ऐसी कर्मचारी के लिए समय कार्य आधार पर मजदूरी की न्यूनतम दर सुनिश्चित की जा सके (जिसे इसके पश्चात "गारंटित समय दर" कहा गया है);

(घ) न्यूनतम दर के बदले प्रयोज्य न्यूनतम दर (समय दर या उजरती दर में से कोई भी) जो कर्मचारी द्वारा किए गए समयोपरि कार्य के संबंध में अन्यथा प्रयोज्य होगी (जिसे इसके पश्चात "समयोपरि दर" कहा गया है);

(ड.) न्यूनतम मजदूरी दरों का निर्धारण निम्नलिखित मजदूरी अवधियों में से किसी एक या अधिक के आधार पर किया जाए:

(i) घंटे के आधार पर

(ii) दिन के आधार पर

(iii) महीने के आधार पर

28. अपराध और दंड

(1) इस अधिनियम के उपबंधों या इसके अंतर्गत निर्मित नियमों का उल्लंघन करने वाला कोई भी सेवा प्रदाता अधिकतम तीन माह के कारावास की सजा और अधिकतम 2,000/– रुपए तक के जुर्माने, या दोनों द्वारा दंडित किया जा सकता है और यदि उसके द्वारा इस अधिनियम के उपबंधों और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों का उल्लंघन जारी रखा जाए तो उस पर एक अतिरिक्त जुर्माना आरोपित किया जा सकता है जिसकी राशि ऐसे उल्लंघन के संबंध में सेवा प्रदाता को पहली बार दोषसिद्ध करार दिए जाने के बाद उल्लंघन की अवधि के दौरान प्रत्येक दिन के लिए 100/– रुपए तक हो सकती है;

(2) यदि उप–धारा (1) के अंतर्गत दंडनीय किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध पाया गया कोई व्यक्ति दोबारा उसी उपबंध का उल्लंघन करने या उसके अनुपालन में विफल रहने का दोषी पाया जाता हो, तो परवर्ती उल्लंघन पर उसे छह महीने तक के कारावास की सजा और कम से कम 200 रुपए तक के जुर्माने द्वारा जिसकी राशि 5,000/– रुपए तक हो सकती है या फिर दोनों द्वारा, दंडित किया जाएगा;

(3) यदि कोई नियोजक अधिनियम के उपबंधों का पालन करने में विफल रहता है, तो उसे 2,000/– रुपए तक के जुर्माने द्वारा दंडित किया जाएगा;

(4) यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अंतर्गत किसी अधिकारी या जिला बोर्ड द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को जांच करने से जानबूझकर रोकता हो या ऐसे अधिकारी को नियोजक या इस अधिनियम के अंतर्गत उल्लिखित सेवा प्रदाता के संबंध में इस अधिनियम के द्वारा या इसके अंतर्गत प्राधिकृत निरीक्षण, जांच, पूछताछ या अन्वेषण हेतु उचित सुविधा उपलब्ध कराने से अस्वीकार करता हो या जानबूझकर अवहेलना करता हो, तो ऐसे व्यक्ति को तीन महीने तक के कारावास की सजा और 2,000/– रुपए तक जुर्माना, या दोनों द्वारा दंडित किया जा सकता है;

(5) यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अनुसरण में रखे गए किसी रजिस्टर या अन्य दस्तावेज़ को जिला बोर्ड द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा जांच हेतु मांग किए जाने पर उपलब्ध कराने से जानबूझकर इनकार करता हो या रोकता हो या रोकने का प्रयास करता हो या अपने विश्वास के आधार पर ऐसा कोई भी कार्य करता हो जिससे इस अधिनियम के अंतर्गत अपने कर्त्तव्यों का अनुसरण कर रहे निरीक्षणकर्ता व्यक्ति के समक्ष उपस्थित होने या जांचे जाने के लिए किसी व्यक्ति का आना बाधित होता हो, तो ऐसे व्यक्ति को अधिकतम तीन माह के कारावास या 2,000/– रुपए तक की सजा या दोनों प्रकार की सजाओं द्वारा दंडित किया जा सकता है;

(6) कोई भी व्यक्ति जो–

(i) जानबूझकर किसी लड़की या महिला को अनैतिक प्रयोजनों के लिए किसी ऐसे स्थान पर जहां उसके नैतिक दृष्टि से भ्रष्ट हो जाने की संभावना हो, भेजता हो, जाने का निर्देश देता हो या लेकर जाता हो; या

(ii) ऐसी महिला या बालिका का किसी भी रूप में यौन शोषण करता हो; या

(iii) छोटी बच्चियों को घरेलू कर्मचारी के रूप में उपलब्ध कराता हो

उसे कम से कम तीन वर्ष की अवधि जो 7 वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है, के कारावास और 2,000/– रुपए तक के जुर्माने या दोनों द्वारा दंडित किया जाएगा।

29. कोई भी न्यायालय इस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय किसी अपराध पर संज्ञान नहीं लेगा, यदि शिकायत–

(क) राज्य बोर्ड या जिला बोर्ड द्वारा या उसकी लिखित में पूर्व–संस्तुति द्वारा दर्ज न कराई गई हो;

(ख) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अंतर्गत पंजीकृत किसी स्वैच्छिक संगठन के पदाधिकारी द्वारा नहीं की गई हो;

(ग) मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट से निम्न स्तर का कोई भी न्यायालय इस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय किसी अपराध पर विचार नहीं करेगा।

30. अभियोजन की सीमा

कोई भी न्यायालय इस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय किसी अपराध पर संज्ञान नहीं लेगा, यदि संबंधित शिकायत जिला या राज्य बोर्ड को कथित अपराध के संबंध में जानकारी प्राप्त होने की तारीख से **एक वर्ष** के भीतर न की जाती हो।

अध्याय सात
विविध उपबंध

31. इस अधिनियम से असंगत कानूनों और करारों का प्रभाव

(1) इस अधिनियम के उपबंध इस अधिनियम के प्रारंभण की तारीख से पहले या बाद में लागू किसी भी अन्य कानून में निहित असंगत बातों या सेवा के किसी करार या संविदा में निहित असंगत बातों के होते हुए भी, प्रभावित होंगे;

(2) इस अधिनियम में निहित कोई भी बात किसी भी कर्मचारी को प्रधान नियोजक, जैसी भी स्थिति हो, के साथ उसे इस अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों या सुविधाओं से अधिक अनुकूल समझे गए अधिकारों या सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए करार करने से प्रतिबाधित नहीं करेगी।

32. अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई का संरक्षण

(1) बोर्ड के किसी भी सदस्य या किसी गैर–सरकारी संगठन के विरुद्ध उसके द्वारा इस अधिनियम या इसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अनुसरण में सद्भावना से प्रेरित होकर किए गए या किए जाने वाले किसी कार्य के लिए कोई वाद, अभियोजन या अन्य कानूनी कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती;

(2) इस अधिनियम या इसके अंतर्गत जारी किसी नियम या अधिसूचना या आदेश के अनुसरण में सद्भावना से किए गएया किए जाने वाले किसी कार्य के कारण हुई या होने वाली किसी क्षति के लिए सरकार के विरुद्ध कोई वाद या अन्य कानूनी कार्यवाही नहीं चलाई जाएगी।

33. बोर्ड का अधिक्रमण

(1) यदि राज्य सरकार को इस बात का समाधान हो जाए या अन्यथा उसकी यह राय हो कि–

(क) बोर्ड अपना कार्य करने में समर्थ नहीं है, या

(ख) बोर्ड ने अपने कार्यों के निर्वहन में लगातार देरी की है या अपनी शक्तियों से बढ़कर कार्य किया है या अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है, तो राज्य सरकार बोर्ड को अधिक्रमित (बरखास्त) कर सकती है और अधिक्रमण की तारीख से 12 महीनों की अवधि के भीतर सरकारी राजपत्र में अधिसूचना जारी करके बोर्ड का निर्धारित तरीके से इसका पुनर्गठन करेगी। अधिक्रमण की अवधि में उपयुक्त कारणों का उल्लेख करते हुए अधिसूचना जारी करके अधिकतम छह महीने तक का विस्तार किया जा सकता है;

परंतु खंड (ख) में उल्लिखित किसी भी आधार पर इस उप–धारा के अंतर्गत अधिसूचना जारी करने से पहले, राज्य सरकार बोर्ड को इस संबंध में कारण बताने का उपयुक्त अवसर प्रदान करेगी कि इसका अधिक्रमण क्यों न कर दिया जाए और बोर्ड द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण और आपत्तियों पर विचार करेगी।

(2) बोर्ड के अधिक्रमण के पश्चात इसका पुनर्गठन किए जाने तक इस अधिनियम के अंतर्गत बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग और उसके कार्यों का निष्पादन राज्य सरकार द्वारा या इस प्रयोजनार्थ राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए अधिकारी या अधिकारियों द्वारा किया जाएगा;

(3) बोर्ड को अधिक्रमित किए जाने पर निम्नलिखित परिणाम संभव हो सकते हैं, अर्थात–

(क) उप–धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित होने की तारीख से बोर्ड के सभी सदस्य अपने पद को रिक्त कर देंगे;

(ख) बोर्ड द्वारा प्रयुक्त या निष्पादित सभी शक्तियों और कार्यों का अधिक्रमण की अवधि के दौरान अधिसूचना में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रयोग या निष्पादन किया जाएगा;

(ग) बोर्ड के पास उपलब्ध सभी निधियां और अन्य संपत्तियां अधिक्रमण की अवधि के दौरान राज्य सरकार के अधीन होंगी और बोर्ड का पुनर्गठन किए जाने पर वे निधियां और संपत्ति बोर्ड को अंतरित हो जाएंगी।

34. समस्याओं को दूर करने की शक्ति

(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती हो, तो केंद्र सरकार सरकारी राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा इस अधिनियम के उपबंधों के सुसंगत ऐसे उपबंधों को निर्मित कर सकती है जो संबंधित समस्या को दूर करने हेतु अनिवार्य या समीचीन समझे जाएं;

(2) इस धारा के अंतर्गत निर्मित सभी आदेश, निर्मित किए जाने के शीघ्र बाद संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखे जाएं।

35. लेखा और लेखापरीक्षा

(क) केंद्र, राज्य और जिला बोर्ड उचित लेखाओं और संगत रिकार्डों का रखरखाव करेंगे और निर्धारित किए गए रूप में अपने लेखाओं से संबंधित विवरणी तैयार करेंगे;

(ख) केंद्रीय बोर्ड निर्धारित की गई तारीख से पहले केंद्र सरकार को स्वयं अपनी और निधियों के संबंध में समेकित लेखाओं की लेखापरीक्षित प्रति और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे;

(ग) राज्य और जिला बोर्ड राज्य सरकार को निर्धारित की गई तारीख से पहले अपनी लेखाओं की लेखापरीक्षित प्रति और लेखापरीक्षा की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

36. नियम निर्मित करने की शक्ति

(1) केंद्र सरकार पूर्व में जारी प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन इस अधिनियम के उद्देश्यों के निष्पादन हेतु नियम बना सकती है;

(2) ऐसे नियम विशेषकर, और उपर्युक्त शक्ति की व्यापकता के संबंध में किसी पूर्वधारणा के बिना निम्नलिखित में से सभी और किसी एक हेतु प्रावधान कर सकते हैं, अर्थातः–

(क) केंद्रीय बोर्ड में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, उनका कार्यकाल और सेवा की अन्य शर्तें, उनके कार्यों के निर्वहन हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली कार्यविधि और अधिनियम की धारा (4) के अंतर्गत बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की आकस्मिक रिक्तियों को भरने का तरीका;

(ख) इन अधिनियम की धारा (5)(छ) के अंतर्गत निर्धारित किए जाने के लिए अपेक्षित या किए जाने योग्य कोई अन्य मामला;

(ग) रूप और तरीका जिसमें अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत वार्षिक लेखा विवरणी और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

(3) इस अधिनियम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा निर्मित प्रत्येक नियम को निर्मित किए जाने के बाद यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाएगा जबकि उसका सत्र कुल 30 दिनों की अवधि के लिए हो जो अवधि एक सत्र या दो अनुवर्ती सत्रों को मिलाकर हो सकती है, और यदि जिस सत्र में इस नियम को रखा जाता है उसकी समाप्ति से पूर्व अथवा उसके तत्काल बाद आने वाले सत्र से पूर्व दोनों सदन इस नियम में किसी संशोधन हेतु सहमत हो जाते हैं अथवा दोनों सदन इस बात के लिए सहमत होते हैं कि नियम निर्मित नहीं किया जाना चाहिए, तो उसके पश्चात उस नियम का इस संशोधित रूप में प्रभाव होगा या उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, जो भी स्थिति हो, अतः तथापि यह कि ऐसे किसी भी संशोधन या विलोपन से उस नियम के अंतर्गत पहले किए गए किसी भी कार्य की वैधता प्रभावित नहीं होगी;

37. नियम बनाने की शक्तियां

(1) राज्य सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना जारी करके और यदि नियमों को पहली बार निर्मित किया गया हो, तो इस स्थिति को छोड़कर, पूर्व में जारी किसी प्रकाशन की शर्तों के अध्यधीन, इस अधिनियम के उपबंधों के निष्पादन हेतु नियम बनाएगी;

(2) विशेष रूप से, और उपर्युक्त उपबंध की व्यापकता पर कोई प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों के द्वारा निम्नलिखित मामलों में से सभी या किसी भी एक के लिए प्रावधान किया जाए, अर्थात–

(क) बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल;

(ख) बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए बोर्ड के सदस्यों को देय यात्रा और दैनिक भत्तों की दर;

(ग) लाभभोगी के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र;

(घ) लाभभोगी के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़ और पंजीकरण शुल्क;

(ड.) बोर्ड के सचिव द्वारा उसके अनुरक्षण में रखे जाने वाले रजिस्टर;

(च) निधि से भुगतान की संस्वीकृति प्राप्त करने के लिए लाभभोगी द्वारा किए जाने वाले आवेदन का प्रपत्र और आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़;

(छ) लाभभोगियों द्वारा निधि में दिए जाने वाले अंशदान की राशि;

(ज) लेखाओं के वार्षिक विवरण का प्रपत्र और तुलन–पत्र;

(झ) बोर्ड का बजट तैयार किए जाने के लिए प्रपत्र और उसे राज्य सरकार को भेजे जाने का समय;

(ञ) बोर्ड का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किए जाने के लिए प्रपत्र और उसे राज्य सरकार को भेजे जाने का समय;

(ट) सलाहकार समिति के सदस्यों की संख्या और उनके चयन का तरीका;

(ठ) सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल;

(ड) सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए सलाहकार समिति के सदस्यों को देय यात्रा और दैनिक भत्तों की दर;

(ढ) इस अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित या निर्धारित कोई अन्य मामला

(3) इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित प्रत्येक नियम को निर्मित किए जाने के बाद यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाएगा जबकि उसका सत्र कुल 30 दिनों की अवधि के लिए हो जो अवधि एक सत्र या दो अनुवर्ती सत्रों को मिलाकर हो सकती है, और यदि जिस सत्र में इस नियम को रखा जाता है उसकी समाप्ति से पूर्व अथवा उसके तत्काल बाद आने वाले सत्र से पूर्व दोनों सदन इस नियम में किसी संशोधन हेतु सहमत हो जाते हैं अथवा दोनों सदन इस बात के लिए सहमत होते हैं कि नियम निर्मित नहीं किया जाना चाहिए, तो उसके पश्चात उस नियम का इस संशोधित रूप में प्रभाव होगा या उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, जो भी स्थिति हो, अतः तथापि यह कि ऐसे किसी भी संशोधन या विलोपन से उस नियम के अंतर्गत पहले किए गए किसी भी कार्य की वैधता प्रभावित नहीं होगी;